रोचक अंदाज में मांओं ने पढ़ाया शिष्टता का पाठ

PARENT'S ASSEMBLY

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) कैंपस में पांचवीं कक्षा के बच्चों के पेरेंट्स ने मंगलवार को स्कूल असेंबली प्रेजेंट की। यह पहला मौका था जब स्टूडेंट्स की मांओं ने एसेंबली आयोजित की। स्कूल के 10वें साल के सेलिब्रेशन के रूप में यह आयोजन किया गया। इसमें मदर्स ने 'सोशल एटिकेट्स एंड मैनर्स' के बारे में बच्चों को रोचक अंदाज में बताया।

इस टॉपिक को समझाने के लिए एक स्किट भी पेश किया गया, जिसमें वरुण और राहुल नाम के दो किरदार गढ़े गए। इसमें दिखाया गया कि राहुल वेल मैनर्ड और सेल्फ मोटिवेटेड लड़का है, लेकिन वरुण ऐसा नहीं है। राहुल मां के पौष्टिक खाने को शौक से खाता है, जबकि वरुण कभी फास्ट फूड तो कभी अन्य चीज की डिमांड करता है। इससे मां परेशान रहती है।

यहां वेब रिपोर्टर्स और आर्टिस्ट इवेंट की लाइव रिपोर्टिंग कर रहे थे। स्टेज पर आईं मदर्स ने ब्लू और वाइट ड्रेस में खुद को अभिव्यक्त किया। असेंबली 45 मिनट की रही। मदर्स ने कहा कि वे सालों बाद किसी मंच से खुद को एक्सप्रेस कर पाईं। यह वाकई अच्छी पहल है। यहां प्रोग्राम हेड मनप्रीत भान, टीचर्स और कक्षा दूसरी से लेकर पांचवीं तक के स्टूडेंट्स मौजूद रहे।